# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–21 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड ने आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 का परिणाम जारी कर दिया है। प्राप्तांकों की श्रेष्ठता के आधार पर निर्धारित पदों के सापेक्ष लगभग ढाई गुना अधिक यानी कुल एक लाख चौहत्तर हजार तीन सौ सोलह अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिये योग्य घोषित किया गया है। यह चयनित अभ्यर्थी अब अगले चरण में अभिलेखों की जांच और शारीरिक मानक परीक्षण के लिये आमंत्रित किये जायेंगे। यह प्रक्रिया दिसम्बर के तीसरे सप्ताह में होगी।

अभ्यर्थी यूपीपीबी डॉट जीओवी डॉट इन पर अपना परिणाम देख सकते हैं। यह परीक्षा अगस्त माह की तेइस, चौबीस, पच्चीस, तीस और इकतीस तारीख को कराई गई थी। भरती बोर्ड ने जानकारी दी है कि यदि अभिलेख की जांच और शारीरिक परीक्षण में प्रत्येक श्रेणी में अपेक्षित संख्या में अभ्यर्थी सफल नहीं होते हैं तो मेरिट के आधार पर अतिरिक्त अभ्यर्थियों को अभिलेखों की जांच और शारीरिक परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख और प्रपत्र सही पाए जाएंगे उनके शारीरिक मानक का परीक्षण जनवरी–दो हजार पच्चीस के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। पुलिस भर्ती बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों के अंकों का विवरण पूरी भर्ती प्रक्रिया की समाप्ति के बाद प्रकाशित किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर दौरे के दूसरे दिन आज देवीपाटन स्थित मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर में पूजा–अर्चना की। उन्होंने मंदिर की गोशाला का निरीक्षण किया और गोसेवा भी की। इसके पूर्व कल शाम मुख्यमंत्री ने मंदिर के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सभी जरूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

**********

ड्यूटी के दौरान बलिदान होने वाले पुलिसकर्मियों के माता–पिता को अब अनुग्रह राशि के पूरे पचास लाख रूपये का भुगतान होगा। महिला पुलिसकर्मी के बलिदान होने की दशा में उनके पति अथवा कानूनी वारिस को भी अनुग्रह राशि मिल सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अनुग्रह राशि के शासनादेश की कमियों को दूर कर अब यह नया बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री ने पिछले माह पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर अनुग्रह राशि प्रदान किये जाने के आदेश की कमियों को दूर किये जाने की घोषणा की थी। इसी क्रम में नया शासनादेश अब जारी कर दिया गया है।

**********

वर्ष दो हजार दो में गुजरात के गोधरा मे ंहुई घटना पर बनी बहुचर्चित फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूरे प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया है। मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में यह फिल्म देखी जिसके बाद उन्होंने यह घोषण की। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि वास्तविक सच को देश की जनता के सामने लाने का यह प्रयास सराहनीय है। उन्होंने कहा कि हर देशवासी को द साबरमती रिपोर्ट, फिल्म को देखना चाहिए और गोधरा के सच के नजदीक जाने का प्रयास करना चाहिए। श्री योगी ने कहा कि देश और सरकारों के खिलाफ राजनीतिक अस्थिरता पैदा करने और समाज में वैमनस्यता बढ़ाने के लिये देश में जो कृत्य हुये हैं, जनता को उसे जानने का अधिकार है।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस को लेकर तेजी से तैयारियां चल रही हैं। संगम तट पर महाकुंभ नगरी ने अब आकार लेना शुरू कर दिया है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने योजना के मुताबिक पूरे मेला क्षेत्र को पच्चीस सेक्टर में बांट कर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर में भूमि अधिग्रहण से लेकर प्रशासनिक व्यवस्था के लिये जिम्मेदार होंगे। ये मजिस्ट्रेट महाकुंभ के दौरान जनता और प्रशासन के बीच कड़ी का कार्य करेंगे। महाकुंभ दो हजार पच्चीस में लगभग पैंतालीस करोड़ श्रद्धालुओं के आने और लगभग एक लाख से अधिक लोगों के कल्पवास करने की सम्भावना है। इन सब के रहने के लिये टेंट सिटी और स्नान के लिये घाट और मार्ग का निर्माण तेजी से चल रहा है।

**********

प्रदेश में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिये हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन और प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना को गति दी जा रही है। इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने योजना को प्रभावी रूप से लागू करने के लिये प्रदेश भर में जिला स्तर पर सात–सात कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय किया है। आउट सोर्सिंग के जरिये होने वाली इस भर्ती प्रक्रिया को अगले एक महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**********

यमुना एक्सप्रेस–वे पर कल देर रात दिल्ली से मऊ आ रही एक डबल डेकर बस के अलीगढ़ के पास ट्रक से टकरा जाने से पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि पन्द्रह लोग घायल हो गये। मरने वालों में एक पांच माह का बच्चा और एक महिला समेत तीन पुरूष शामिल हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया है।

उधर, बिजनौर के नहटौर–हल्दौर रोड पर कल रात सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक के टकरा जाने से तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी।

**********